**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 17.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><><>**

1. पर्यटन विभाग, की ओर से मानसून खाद्य एवं संस्कृति महोत्सव का दूसरा संस्करण आज से शुरू।
2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं।
3. उद्योग विभाग आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन कर रहा है।
4. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग की ओर से टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च किया गया।

<><><><><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से मानसून खाद्य एवं संस्कृति महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव आज से 19 जुलाई तक प्रदर्शनी मैदान में शाम 5 बजे से चलेगा। महोत्सव में खान–पान के स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने जूनियर और सीनियर श्रेणियों के लिए पर्यावरण बचाओ, हमारी पृथ्वी बचाओ' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। 11 लाख से ज्यादा परिक्षार्थी मेडिकल, दंत चिकित्सा, आयुष और अन्य संबंधित कार्यक्रमों के लिए उर्त्तीण हुए हैं। सभी उम्मीद्वारों के अंक अधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा निदेशालय ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुधन बीमा योजना का क्रियान्वयन शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य द्वीपसमूह के पशुपालकों को बीमारी, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदाओं के कारण पशुओं की हानि होने पर आवश्यक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के तहत दुधारू पशुओं और सूअर जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाएगा। इससे छोटे सीमांत किसान, और पशु पालन व्यवसाय से जुड़ी महिला उद्यमी लाभान्वित होंगी।

पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पशुपालक और किसान पंजीकरण के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में कल प्रादेशिक सेना  पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता सत्र में 154 इंफेंट्री बटालियन, प्रादेशिक सेना, बिहार के सूबेदार पी. एस.एस. राव मावुरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रादेशिक सेना में सेवा की भूमिका, महत्व और इससे जुड़े अवसरों के बारे में जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने छात्रों के बीच अनुशासन, देशभक्ति और राष्ट्रीय सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

केंद्रीय सीट आवंटन बोर्ड एन ई यू टी ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए द्वीपसमूह के छात्रों के लिए मुख्य भूमि के संस्थानों में आरक्षित विभिन्न डिग्री स्तर के इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और फार्मेसी पाठ्यक्रमों की 110 सीटों के लिए सीट आवंटन कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण, दस्तावेज अपलोड करने, दस्तावेजों के सत्यापन, विकल्प भरने और सीट आवंटन की प्रक्रिया आज से बोर्ड के आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू हो रही है।

<><><><><><>

सुदूर द्वीपों में एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाते हुए प्रशासन, अंडमान निकोबार कमान और भारतीय नौसेना के समन्वित प्रयासों से कच्छाल द्वीप के लिए भारतीय नौसेना के एक जहाज के माध्यम से भरे एलपीजी सिलेंडर भेज दिए गए हैं। यह कदम एलपीजी की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए उठाया गया।

<><><><><><>

उद्योग विभाग, की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उत्पादों के बैकवर्ड, फॉरवर्ड लिंकेज, साझा बुनियादी ढांचे, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत व्यक्तिगत उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों तथा किसान उत्पादक संगठनों को अनुदान और सीड कैपिटल के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के लिए जिलों के उत्पादों की पहचान की गई है, जिसमें दक्षिण अंडमान जिले के समुद्री आधारित मछली

उत्पाद, निकोबार और मध्योत्तर अंडमान जिले के नारियल आधारित उत्पाद शामिल हैं। व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों के पात्र परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत की क्रेडिट–लिंक्ड पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये प्रति यूनिट है। समूह श्रेणी में कार्यशील पूंजी और उपकरणों की खरीद के लिए स्वयं सहायता समूह के प्रति सदस्य को 40 हाजर रुपये की दर से बीज पूंजी सहायता प्रदान की जाएगी। व्यक्तिगत उद्यमी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूह आवेदन के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च किया है। यह एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य टीबी की देखभाल को मजबूत करना, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन के प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। टीबी मुक्त भारत ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे टीबी से संबंधित जानकारी और सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मरीजों की सहायता के अलावा, यह ऐप टीबी, उसके लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में सटीक जानकारी के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है। इस ऐप की एक प्रमुख विशेषता निक्षय मित्र पहल के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को आसान बनाना है। आम जनता, संस्थान, कॉर्पोरेट और संगठन इस ऐप के माध्यम से खुद को 'निक्षय मित्र' के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं। ऐप में 'खुशी – आपकी ई–संगिनी' नाम से एक इंटरैक्टिव चैटबॉट भी शामिल है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत अल्पकालिक निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डिजिटल मित्रा के लिए कार निकोबार में 20 सीटें, फैशन डिजाइनर के लिए डीब्रेट में 20, TVET, कैम्पबेल बे में 20, TVET, डिगलीपुर में 20 सीटे और डीब्रेट में ऑटोमोटिव बॉडी पेंटिंग तकनीशियन के लिए 15 तथा मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग या शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग वेल्डर के लिए 20 सीटें उपलब्ध हैं। आवश्यक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवार 28 जुलाई तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत वन स्टॉप सेंटर में साइको–सोशल काउंसलर, बहुउद्देशीय कर्मचारी, रसोइया और सुरक्षा गार्ड के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची निदेशालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी गई है। सूची विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। दावे या आपत्तियां प्रकाशन की तिथि से पांच दिनों के भीतर समाज कल्याण निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय में ग्रुप बी गैर–राजपत्रित, गैर–मंत्रालयी पदों में स्नातकोत्तर शिक्षक के पदों पर भर्ती की जाएगी। हिन्दी, अंग्रेजी, बांगला, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल, भौतिक विज्ञान, गणित और कृषि विषय के चालीस पदों में भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए उम्मीदवार edurec.andamannicobar.gov.in पर आज से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवदेन करने की अंतिम तिथि सात अगस्त है।

<><><><><><><>